Hamari Hindi

# 8th HINDI




## CBA-3

## NEW MODEL PAPER

**Classroom Based Assessment-3 (2023-24)**

Udise code :________________________ | Class-Subject : 8 - HINDI
Child Id :________________________ | No. of Questions : 30
Child Name :________________________ | Duration : 150mins
MODEL PAPER-1 | MARKS : 80

**खण्ड-अः निम्न लिखित प्रश्नों को पढ़कर सही उत्तर को चुनें। 25 X 2= 50**

1. "भलाई" का विलोम शब्द पहचानिए। [ ]

   A) अच्छाई B) बुराई C) पराया D) भुराई

2. दिए गए वाक्य में विशेषता बताने वाला शब्द चुनिए।
   "रीना आठवीं कक्षा में पढ़ती है।" [ ]

   A) रीना B) कक्षा C) आठवीं D) पढ़ती है

3. "धरती" का पर्यायवाची शब्द पहचानिए। [ ]

   A) आकाश B) गगन C) बूमी D) भूमि

4. उस शब्द को चुनिए, जिसमें "नवाज" शब्द के सभी अक्षर हैं। [ ]

   A) जवान B) वाजन C) नजवा D) नवज

5. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए
   हम आँख के बिना नहीं ------- सकते हैं। [ ]

   A) चल B) तैर C) सुन D) देख

6. गोपाल सीता के घर गया और उसने अपने बेटे के बारे में पूछा।
   ऊपर दिए गए वाक्य में 'उसने' कौन है ? [ ]

   A) गोपाल B) सीता C) घर D) बेटा

7. संख्या '40' को शब्द में लिखते समय पहला वर्ण कौन-सा आएगा। [ ]

   A) बी B) ती C) ची D) चा

8. नीचे दिए गए वाक्य को पूरा करने के लिए उचित विकल्प चुनिए।
   आत्मविश्विवास से अपने जीवन को -------- बनाया। [ ]

   A) सफल B) असफल C) चिंता D) दुःखी

9. रानी प्रतिदिन पढ़ती है। वाक्य में 'प्रतिदिन' शब्द कौन-सा क्रिया विशेषण है ? [ ]

   A) रीतिवाचक क्रिया विशेषण B) स्थानवाचक क्रिया विशेषण
   C) परिमाणवाचक क्रिया विशेषण D) कालवाचक क्रिया विशेषण

10. हमारी वाणी अमृत जैसी होनी चाहिए न कि -------- जैसी।
    खाली स्थान के लिए उचित विलोम शब्द पहचानिए। [ ]

    A) पानी B) दूध C) विष D) दही

11.



चित्र में कुल --------- कलमें हैं।

खाली स्थान के लिए सही विकल्प पहचानिए। [ ]

A) इक्कीस B) तैंतीस C) तेईस D) तैंतालीस

12. 'शेर' का स्त्रीलिंग बनाने के लिए शब्द के अंत में क्या जोड़ेंगे ? [ ]

A) रनी B) नी C) नि D) ई

13. 'तरा' के पहले कौन-सा अक्षर लगाने पर वह एक फल बन जाएगा ? [ ]

A) स B) सर C) सम D) सं

14. गोपाल ------साँप--------लकड़ी ------- मारा।
उचित कारक चिह्नोंका चुनाव कर वाक्य पूरा कीजिए। [ ]

A) ने,को,से B) के,को,से C) ने,के,से D) ने,को,पर

15. कार्तिक ने दो कलमें खरीदीं। ---------एक कलम मुझे दे दी।
खाली स्थान के लिए उचित सर्वनाम चुनिए। [ ]

A) वहने B) उसने C) उनसे D) उनको

## नीचे दी गई कहानी को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**दो मित्र:**

दो मित्र जंगल में जा रहे थे। अचानक एक भालू सामने आया। एक मित्र पेड़ पर चढ़कर छुप गया। दूसरा मित्र एक क्षण सोचकर ज़मीन पर लेट गया और अचल रह गया । भालू उसके पास आया। मुँह और कान सूंघा । मरा समझकर चला गया ।

थोड़ी देर बाद पहला मित्र पेड़ से उतर आया। दूसरे से पूछा, "श्रीमान ! लगता है, भालू से आपको कुछ उपदेश मिला है। ज़रा हमें भी बताइए ।" झट दूसरा कहने लगा, "भालू का कहना है कि मुसीबत में, जो मित्र साथ छोड़कर भाग जाता है, उस पर भरोसा करना मूर्खता है।" यह बात सुनकर पहला मित्र पछताया। कुछ क्षण बाद मित्र से उसे क्षमा मिली। दोनों खुशी से घर लौटे ।

16. जंगल में कौन जा रहे थे ? [ ]

A) एक मित्र B) तीन मित्र C) चार मित्र D) दो मित्र

17. अचानक भालू को देखकर क्या हुआ था ? [ ]

A) एक मित्र पेड़ के नीच छुप गया। B) एक मित्र पेड़ के अंदर छुप गया।
C) एक मित्र पेड़ पर चढ़कर छुप गया। D) एक मित्र पेड़ के बाहर छुप गया।

18. दूसरा मित्र एक क्षण सोचकर क्या किया ? [ ]

A) ज़मीन पर लेट गया। B) पेड़ पर लेट गया।
C) आकाश पर लेट गया। D) बस पर लेट गया।

19. मुसीबत में, जो मित्र साथ छोड़कर भाग जाता है, उस पर क्या करना मूर्खता है।" ? [ ]

A) अविश्वास B) भरोसा C) अवकाश D) चलना

20. इस कहानी में कौन डरपोक था ? [ ]

A) पहला मित्र B) दूसरा मित्र C) दोनों D) कोई नहीं

## नीचे दी गई कविता को पढ़कर और समझकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**उलझनः**




पापा कहते बनो डॉक्टर माँ कहती इंजीनियर !
भैया कहते इससे अच्छा सीखो तुम कंप्यूटर !

चाचा कहते बनो प्रोफ़ेसर चाची कहतीं अफ़सर
दीदी कहती आगे चलकर बनना तुम्हें कलेक्टर !

बाबा कहते फ़ौज में जाकर जग में नाम कमाओ !
दादी कहती घर में रहकर ही उद्योग लगाओ!

सबकी अलग-अलग अभिलाषा सबका अपना नाता !
लेकिन मेरे मन की उलझन कोई समझ न पाता !

21. **चाचा और चाची क्या बनने को कहता है ?** [ ]
    **A) डॉक्टर-इंजीनियर** **B) प्रोफेसर-अफ़सर**
    **C) अफ़सर-प्रोफ़ेसर** **D) फ़ौज- कलेक्टर**

22. **पिता और माता क्या बनने को कहता है ?** [ ]
    **A) अफ़सर-प्रोफ़ेसर** **B) प्रोफेसर-अफ़सर**
    **C) डॉक्टर-इंजीनियर** **D) कलेक्टर- फ़ौज**

23. **दीदी क्या बनने को कहता है?** [ ]
    **A) डॉक्टर** **B) इंजीनियर** **C) प्रोफ़ेसर** **D) कलेक्टर**

24. **किसने कहता है फ़ौज में जाकर जग में नाम कमाओ।** [ ]
    **A) भैया** **B) दादी** **C) बाबा** **D) चाचा**

25. **लड़की के मन की क्या कोई समझ न पाता था ?** [ ]
    **A) उलझन** **B) चिंता** **C) दुःख** **D) कोई नहीं**

खण्ड-बः नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। **1 X 4= 4**

**26. नीचे दिए गए क्रिया शब्दों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**

**(क) खेलनाः**

**(ख) पढ़नाः**

खण्ड-सः नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। **3 X 6= 18**

**27. वाक्य पढ़कर उचित शब्द से खाली स्थान भरिए।**

(क) रोज दूध -------- चाहिए। ( पिना / पीना)

(ख) राजा ने तेनालीराम की --------की। (प्रशंसा / अपमान)

(ग) नियमित रूप से स्वच्छ --------का सेवन करना चाहिए।(दूध / पानी)

**28. नीचे दिए गए वाक्यों में वचन संबंधी गलती पहचानिए और सही वाक्य दोबारा लिखिए।**

(क) जब एक लड़की खाती है तो उसे देखकर सारी लड़की खाने लगती हैं।

(ख) एक छात्र पौधा लगाने तो सभी ने अपने पौधा लगा लगें।

(ग) एक बच्चा खेलता है तो उसे देखकर सारे बच्चा खेलने लगते हैं।

**29. नीचे दिए गए चित्र का वर्णन लगभग तीन(3) वाक्यों में कीजिए।**



खण्ड-दः नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। **1 X 8= 8**

**30. अपने मनपसंद सिनेमा के बारे में चार-पाँच वाक्य लिखिए।**

- मन पसंद सिनेमा का नामः

- सिनेमा की विशेषताएः

- अच्छा लगने का कारणः

**********

Click here to visit our website
www.hamari-hindi.com

Click here to visit our website
www.hamari-hindi.com

Click here to visit our website
www.hamari-hindi.com

SCAN THIS CODE